कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/माध्य–द/22492/प्रवेशोत्सव/2019–20/112 दिनांक : 30.07.2019

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) – माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।

विषय :– नामांकन वृद्धि अभियान प्रवेशोत्सव – 2019 को दिनांक 15.08.2019 तक बढाने के क्रम में।
प्रसंग :– समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांक 25.04.2019 एवं 20.06.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक निर्देश पत्रों द्वारा राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन वृद्धि अभियान के रूप में " प्रवेशोत्सव – 2019" को दो चरणों में दिनांक 26.04.2019 से 09.05.2019 तथा 24.06.2019 से 12.07.2019 तक आयोजित किये जाने बाबत् निर्देश प्रदान किये गए थे। उक्त अभियान के अन्तर्गत समस्त राजकीय विद्यालयों हेतु न्यूनतम 10 प्रतिशत नामांकन वृद्धि के लक्ष्य अर्जन के लिए राजकीय विद्यालयों के विगत वर्षो की तुलना में गुणात्मक एवं संख्यात्क रूप से बढ़े हुए परीक्षा परिणाम, सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रदान की रही विभिन्न प्रकार की सुविधाओं एवं लाभकारी प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी एस.एम.सी. व एस.डी.एम.सी. के सहयोग से समस्त अभिभावकों एवं आमजनों को देते हुए स्थानीय जन समुदाय को विद्यार्थियों के राजकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रेरित करते हुए नामांकन लक्ष्य को प्राप्त किया जाना है।

इस कार्यालय के निर्देश पत्र क्रमांकःशिविरा/माध्य/मा–स/22492/प्रवेशोत्सव/2019–20 दिनांक 11.07.2019 द्वारा समस्त माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2019 तक बढाई गई थी, उपर्युक्त तिथि को विस्तारित कर राजकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि एतद् द्वारा 15 अगस्त 2019 निर्धारित की जाती है। कक्षा 1 से 8 में प्रवेश पूर्व प्रदत्त निर्देशानुरूप आर.टी.ई. नॉर्म्स के मुताबिक आयुनुरुप वर्षपर्यन्त लिया जा सकेगा।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में प्रवेशोत्सव – 2019 के द्वितीय चरण की तिथि दिनांक 15 अगस्त 2019 तक बढ़ाई जाकर निर्देशित किया जाता है कि क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय विद्यालयों में वर्ष 2019–2020 के लिए आंवटित 10 प्रतिशत नामांकन वृद्धि के लक्ष्य को ध्यान में रखकर सघन नामांकन वृद्धि अभियान संचालित किया जाना सुनिश्चित करें तथा नामांकन का इन्द्राज नियमित रूप से शाला दर्पण पर आवश्यक रूप से किये जाने हेतु समस्त संस्था प्रधानों को पाबन्द करें, जिससे वास्तविक नामांकन की अद्यतन स्थिति निरन्तर प्राप्त हो सके।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, एवं पंचायती राज (प्रा.शि.) राजस्थान, बीकानेर।
5. उप निदेशक (सांख्यिकी), कार्यालय हाजा ।
6. उप निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर/सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु।
8. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
9. समस्त पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी/संस्था प्रधान, समस्त राजकीय विद्यालय।
10. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर